54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.6°c
अधिकतम 32.9°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:39, सूर्यास्त - 7:11 | वर्ष : 54/ अंक : 211 | शनिवार, 01 अगस्त 2026 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

हमेशा सही के साथ खड़े रहो, भले ही अकेला क्यों न रहना पड़े।

पप्पू यादव ने संसद परिसर में कालनेमी राक्षस जैसा व्यवहार किया और पूरे विपक्ष ने उनका समर्थन किया : साक्षी महाराज



संसद में नौटंकियां रोज गिरती शान... सन्तों के भी वेश का कर डाला अपमान...

# ठेकेदार पर कृपा बरसाने वाला बाबू सस्पेंड

▶▶ पालिका को पार्किंग ठेके में 24 लाख का लगाया था फटका ▶▶ पूर्व ईओ की जांच रिपोर्ट के बावजूद चेयरमैन ने बैठा दी एक और जूनियर जांच कमैटी ▶▶ पालिका के 24 लाख रुपए लिपिक से वसूलने की ईओ की रिपोर्ट कूड़ेदान में डाली

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** टाउन हाल के पार्किंग ठेके में पालिका को करीब चौबीस लाख के टेंडर में फटका लगाने के मामले में आखिर पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने लाइसेंस लिपिक को सस्पेंड कर दिया। इस मामले का खुलासा बुलेटिन ने 9 जुलाई को किया था। इसके बाद से पालिका लिपिक के खिलाफ कार्रवाई पर खामोश बैठी थी, जबकि पूर्व अधिशासी अधिकारी ने अपनी जांच में लिपिक को दोषी मानते हुए कड़ी कार्रवाई के लिए लिखा था। ईओ ने वसूली में कोताही के लिए भी लिपिक को जिम्मेदार बताते हुए उक्त पैसा उनसे वसूली के लिए भी लिखा था। टाऊन हॉल प्रांगण स्थित पार्किंग स्थल का ठेका दिवस उपलब्धता के आधार पर 13 मई 2026 को तत्कालीन अधिशासी अधिकारी के आदेश पर सुनील कुमार पुत्र अग्रसैन निवासी कृष्णापुरी के नाम स्वीकृत किया गया था । उक्त पार्किंग शुल्क वर्ष 2024-25 की अवशेष धनराशि जीएसटी सहित अंकन 24,23,799 रुपए ठेकेदार की ओर अवशेष है। इसके अलावा जांच में सामने आया था कि ठेके पर लगी पत्रावली पर लगे चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, मूल निवास इत्यादि प्रमाण पत्र का सत्यापन भी सम्बन्धित पटल लिपिक प्रवीण कुमार द्वारा नहीं किया गया था। उक्त प्रकरण मे प्रवीण कुमार लाईसेंस लिपिक द्वारा ठेकेदार से अवशेष धनराशि वसूलने हेतु तत्कालीन अधिशासी अधिकारी द्वारा बार-बार आदेशित करने के उपरान्त भी रिकवरी की पत्रावली तैयार न किये जाने पर इनकी ठेकेदार के साथ सलिंप्तता प्रतीत होने की बात ईओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में कही है। उन्होंने उक्त प्रकरण में प्रवीण कुमार, लाईसेंस लिपिक के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की गयी थी । 9 जुलाई को इस मामले को लेकर बुलेटिन ने तत्कालीन अधिशासी अधिकारी की जांच आख्या सहित पालिका की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए समाचार प्रकाशित किया तो लिपिक का पटल परिवर्तित कर चेयरमैन ने दोबारा जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सभासद देवेश कौशिक ने दोबारा जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि जब पालिका की सबसे बड़ी कुर्सी पर बैठी अधिशासी अधिकारी जांच कर चुकी हैं तो दोबारा जांच का क्या औचित्य है। मामले को दबाने की पूरी कोशिश पालिका में की गई। बात बढ़ती देख चेयरमैन ने आज कर विभाग के लिपिक प्रवीण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलबिंत करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि प्रवीण कुमार अपने निलबंन काल मे मुख्य कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे। वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग 2 से 4 के मूल नियम - 54 के अनुसार नियमानुसार निलबंन भत्ता देय होगा । उपरोक्त प्रकरण में अनुज कुमार, सहायक अभियंता (जल) को जांच अधिकारी नामित किया है। प्रवीण कुमार, लिपिक कर विभाग द्वारा संपादित किए जा रहे समस्त कार्यो को मनोज कुमार, लिपिक, कर विभाग अपने कार्यो के साथ-साथ करना सुनिश्चित करेंगे। आदेश तत्काल रूप से प्रभावी होंगे। आदेशों का अनुपालन कड़ाई के साथ किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश भी चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने दिए हैं। आज दिए गए निलंबन आदेश में फिर से जांच समिति बनाए जाने से लगता है कि पालिका इस मामले में जांच-जांच का खेल खेल रही है। ईओ की जांच में पालिका को लगे 24 लाख के चूने का पैसा लिपिक से वसूलने को लेकर चेयरमैन खामोश हैं। अब देखना है कि आगे क्या होता है।




# जम्मू कश्मीर में तैनात बीएसएफ जवान का गोली लगा शव बरामद

▶▶ भोपा में पसरा मातम, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर ▶▶ आज भोपा पहुंचेगा जवान का पार्थिव शरीर

**भोपा, 31 जुलाई (बु.)।** भोपा में शुक्रवार को एक ऐसी दुःखद खबर सामने आई जिसने पूरे गांव ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र को भी गहरे शोक में डुबो दिया। सीमा सुरक्षा बल सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात गांव के होनहार सपूत शिवदत्त प्रजापति का उत्तरी कश्मीर में गोली लगा शव बरामद हुआ है। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दुःखद सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, अधिकारी और नेतागण उनके आवास पर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव शोरम और हाल निवासी भोपा शिवदत्त प्रजापति वर्तमान में उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के बोनियार क्षेत्र में बीएसएफ की 175वीं बटालियन में सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। शुक्रवार सुबह उनका गोली लगा शव बरामद होने के बाद उनके निधन की सूचना उनके परिजनों तक पहुंची। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गोली किन परिस्थितियों में लगी और उनकी मौत कैसे हुई। घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए संबंधित एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। बीएसएफ की ओर से आधिकारिक जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों ने बताया कि गुरुवार रात शिवदत्त प्रजापति ने वीडियो कॉल के माध्यम से घर पर पत्नी, बच्चों और अन्य परिजनों से बातचीत की थी। उन्होंने सभी का हालचाल पूछा और जल्द घर आने की बात भी कही थी। परिवार के किसी सदस्य को इस बात का जरा भी आभास नहीं था कि यह उनकी आखिरी बातचीत साबित होगी। शुक्रवार सुबह



जैसे ही उनके निधन की सूचना मिली, घर में चीख-पुकार मच गई और पूरा परिवार गहरे सदमे में डूब गया। सीमा सुरक्षा बल में तैनात जवान की मौत की खबर जैसे ही गांव भोपा पहुंची पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। ग्रामीण अपने-अपने काम छोड़कर उनके आवास पर पहुंचने लगे। सूचना के बाद महिलाओं की आंखों से आंसू नहीं थम रहे थे, जबकि बुजुर्ग

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें

# भगत सिंह रोड पर गिफ्ट सैंटर में लगी आग, लाखों रुपये का सामान जलकर क्षतिग्रस्त

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** नगर के भगत सिंह रोड स्थित गिफ्ट सैंटर नामक दुकान के पीछे गोदाम में अचानक आग लग गयी। आग लगने सूचना दमकल विभाग को दी गयी, सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विभाग ने आग पर काबू पाया। आग में लाखों का नुकसान होना बताया गया है। शुक्रवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत भगतसिंह रोड स्थित संजय गिफ्ट सैंटर नाम की एक दुकान है। दुकान के पीछे गोदाम बना हुआ है, जिसका रास्ता सर्राफा बाजार में निकलता है। दुकान मालिक संजय के पिता आनंद प्रकाश व छोटा भाई नितिन दुकान पर बैठे हुए थे। सर्राफा बाजार के लोगों ने गोदाम के पीछे धुएं का गुबार देखा तो लोगों में हड़कम्प मच गया। दुकान मालिक के पिता ने तुरन्त इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार तीन गाड़ियां लेकर मौके पर पहुंचे। आग इतनी विकराल थी कि पास के एक मकान तक फैल गयी थी, लेकिन दमकल विभाग ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दुकान मालिक ने आग में लाखों का नुकसान होना बताया है। भगत सिंह रोड पर आग लगने से काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## आग लगी तो सूखे रहे आसपास के दुकानदारों के हलक


**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** भगत सिंह रोड पर दुकान में लगी आग के बाद आसपास के दुकानदारों के हलक भी सूखे रहे। गनीमत रही कि दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। हालांकि संकरे इलाके में दमकलकर्मियों को काफी मुश्किल उठानी पड़ी। भगत सिंह रोड पर आज लगी आग के बाद इस अति व्यस्त और घने मार्केट के दुकानदार भी परेशान नजर आए। जिस तरह आग लगी, उससे आसपास की दुकानों के भी खतरा था। दमकल कर्मियों ने काफी तत्परता और मेहनत व सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया, अन्यथा इससे बड़ा नुकसान हो सकता था। बुलेटिन पहले ही चेता चुका है कि शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में आग को लेकर सबसे अधिक खतरा है।





# भारतीय जूडोका अस्मिता डे और हर्ष ने हासिल किया सोना

**ग्लास्गो, 31 जुलाई (एजेंसी)।** भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत ने जूडो में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता है। पहले अस्मिता डे ने महिला 48 किग्रा वर्ग में सोना अपने नाम किया और अब हर्ष सिंह ने पुरुष 60 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। हर्ष ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ कैट्ज को 10-0 से हराकर भारत को स्वर्ण दिलाया। हर्ष राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे और पहले पुरुष जूडोका हैं। अस्मिता और हर्ष से पहले अब तक किसी भारतीय जूडोका ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है। अस्मिता के पिता बेलोनिया में साइकिल मरम्मत की दुकान चलाते थे और मां गृहिणी हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद परिवार ने बेटी के खेल के सपने को आगे बढ़ाया।



## शहजाद पूनावाला ने भाजपा से किया किनारा?

**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे शहजाद पूनावाला ने कथित तौर पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूनावाला ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को अपना इस्तीफा सौंपा है। अपने फैसले के पीछे उन्होंने निजी कारण बताए हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। पूनावाला ने अपने एक्स प्रोफाइल के बायो में अब भाजपा का जिक्र नहीं किया है। हालांकि, उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'जीवनभर का समर्थक' बताया है। पूनावाला ने गुरुवार को अपना बायो अपडेट किया, लेकिन उन्होंने इस्तीफे के पीछे कोई वजह नहीं बताई।

# 5 वर्ष पुराने हत्याकांड में विवेचक को गिरफ्तार कराकर न्यायालय के समक्ष पेश करने के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** नई मंडी के पांच वर्ष पुराने हत्याकांड में विवेचक की गवाही नहीं होने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने नाराजगी जताते हुए निरंतर नोटिस दिए, लेकिन वह गवाही के लिए नहीं पहुंच सके। कोर्ट ने एडीजी मेरठ जोन को पत्र भेजकर विवेचक पंकज पंत को गिरफ्तार करवाकर 13 अगस्त को कोर्ट के समक्ष पेश करने के आदेश दिए हैं।

3 नवंबर 2021 को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव पचेंडा कलां के जंगल में टैक्सी चालक प्रवेंद्र कुमार निवासी आदर्श कॉलोनी का शव बरामद किया था। पुलिस ने 9 नवंबर 2021 को हत्याकांड का खुलासा करते हुए टैक्सी चालक के बेटे कार्तिक और उसके साथी निशांत निवासी आदर्श कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। आरोपी बेटे ने अपने पिता प्रवेंद्र की गला दबाकर एवं मारपीट कर हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त मारुति कार, चाकू व गमछा बरामद किया था। वर्ष 2022 से इस प्रकरण की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। अभियोजन पक्ष ने 14 मई 2025 को कोर्ट में गवाही कराई थी। सत्र परीक्षण विवेचना अधिकारी के साक्ष्य के लिए लगातार चल रहा है, लेकिन एक वर्ष अधिक का समय बीत चुका है। अभियोजन पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए 21 तारीख दी जा चुकी है। विवेचक निरीक्षक पंकज पंत पर लगातार एनबीडब्ल्यू और 350 की नोटिस भेजा चुका है, इसके बावजूद भी वह कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवेचक पंकज पंत का यह कृत्य दर्शाता है कि वह आरोपी पक्ष से मिले हुए हैं। प्रकरण में मुकदमा मात्र विवेचक निरीक्षक पंकज पंत की लापरवाही के कारण एक वर्ष से लटका हुआ है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मेरठ जोन के एडीजी को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। साथ ही कहा कि गवाह विवेचक पंकज पंत को गिरफ्तार करवाकर 13 अगस्त को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कराया जाए वहीं उनके गैर जमानती वांरट भी जारी किए गए। वर्तमान में पंकज पंत सीओ के पद पर कार्यरत है।

## कुलगाम में आतंकियों की फायरिंग में एक मजदूर की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**जम्मू, 31 जुलाई (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार शाम आतंकियों ने एक बार फिर कायरतापूर्ण हरकत करते हुए गैर-स्थानीय मजदूरों को अपना निशाना बनाया है। जिले के केल्लम इलाके में आतंकियों द्वारा की गई फायरिंग में एक मजदूर की दुखद मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों पीड़ित छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। इस आतंकी हमले में दीपक नाम के मजदूर की जान चली गई, जबकि भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल है। हमले के तुरंत बाद दोनों घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। वहां दीपक ने दम तोड़ दिया, वहीं भूपेंद्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे विशेष चिकित्सा देखभाल के लिए जीएमसी अनंतनाग रेफर कर दिया गया है।

# दिल्ली दंगा : मुजफ्फरनगर निवासी आईबी अफसर के हत्यारे पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन को उम्रकैद

**नई दिल्ली, 31 जुलाई (एजेंसी)।** 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान मुजफ्फरनगर निवासी आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 5 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर वारदात थी, जिसने समाज को झकझोर दिया। कोर्ट ने 13 जुलाई को ताहिर, नाजिम, काशिम, अनस और जावेद को हत्या, अपहरण, दंगा और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने का दोषी ठहराया था। वहीं, 11 आरोपियों में से 6 को बरी कर दिया गया था। लोकल कोर्ट ने कहा कि ताहिर हुसैन हथियारों से लैस उस भीड़ का हिस्सा थे, जो हिंदुओं के प्रति नफरत के कारण दंगा, आगजनी और लूटपाट करने के लिए इकट्ठा हुई थी। जिसने बेरहमी से और लगातार हमला करके शर्मा की हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा था, 'आरोपियों ने सारी हदें पार कर दीं। अंकित की मौत होने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया। यह बेहद क्रूर और सुनियोजित हत्या थी। इसलिए दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। ताहिर हुसैन के वकील ने दलील दी थी कि हर हत्या के मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। किसी भी दोषी की अलग-अलग भूमिका साफ नहीं बताई गई। इसलिए यह मामला 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' की श्रेणी में नहीं आता। दिल्ली दंगा 23 फरवरी, 2020 से शुरू हुआ था। 25 फरवरी को आईबी अफसर अंकित शर्मा घर से बाहर निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आए। परिवार उनकी तलाश कर रहा था, तभी लोगों ने बताया कि उनका शव चांदबाग पुलिया के पास खजूरी खास नाले में देखा गया है। अगले दिन सुबह पुलिस ने नाले से अंकित का शव बरामद किया था। इसके बाद पिता रविंदर कुमार की शिकायत दयालपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। आरोप था कि अंकित की हत्या तत्कालीन आप पार्षद ताहिर हुसैन और उनके साथियों ने की है। शिकायत के अनुसार, आरोपी ताहिर हुसैन के ऑफिस में इकट्ठा हुए थे और हत्या के बाद अंकित के शव को नाले में फेंक दिया गया।



# पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर युवक ने खुद भी जान दी

**बलरामपुर, 31 जुलाई (एजेंसी)।** कोतवाली देहात क्षेत्र के झौहना गांव के गोसाई पुरवा में शुक्रवार शाम करीब 6.50 बजे हुई सनसनीखेज वारदात में एक ही परिवार के चार लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों में 28 वर्षीय बजरंग गिरी, उनकी 25 वर्षीय पत्नी कोमल, तीन वर्षीय बेटी श्रद्धा और 10 माह का बेटा जयदीप शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि पहले पत्नी और दोनों बच्चों को गोली मारी गई, इसके बाद बजरंग गिरी ने खुद को गोली मार ली। हालांकि, पुलिस ने सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो घर के भीतर चारों खून से लथपथ पड़े थे। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली देहात पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल को सील कर घंटों तक साक्ष्य जुटाए गए। मृतक के भाई राम कुमार गिरी ने बताया कि घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर पर नहीं थे। सूचना मिलने पर वे पहुंचे तो चारों के शव घर के भीतर पड़े मिले। उनके अनुसार, चारों को कट्टे से गोली मारी गई है। घटना के कारणों की जानकारी उन्हें नहीं है।

## नाले में फेंका छह माह का बच्चा और इंस्टाग्राम वाले आशिक के पास गई विवाहिता, शव मिला

**सहारनपुर, 31 जुलाई (एजेंसी)।** छह माह के मासूम समीर की जिंदगी कथित अवैध संबंधों की भेंट चढ़ गई। गंगोह के दौलतपुर छन्नों गांव निवासी इमरान ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी इंस्टाग्राम पर बने आशिक के बुलावे पर 12 जुलाई को बेटे समीर को साथ लेकर मेरठ पहुंची। प्रेमी ने बच्चे को अपने साथ रखने से इनकार किया और दोस्त के पास छोड़ने का बहाना बनाकर उसे ले गया। कुछ ही देर बाद लौटकर उसने बच्चे को सुरक्षित छोड़ने की बात कही, लेकिन अगले दिन मेरठ के सोहराब गेट क्षेत्र में नाले से मासूम का शव मिला। गंगोह थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर जीरो एफआईआर दर्ज कर ली है।

# बड़ी-बड़ी झाड़ियों में तब्दील हो चुका स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा इलाज

**चरथावल, 31 जुलाई (बु.)।** चरथावल ब्लॉक क्षेत्र के गांव पावटी खुर्द स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र की बदहाल स्थिति ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी तरह पोल खोलकर रख दी है। उपकेंद्र परिसर में चारों ओर ऊंची झाड़ियां बड़ी-बड़ी घास और पूरी तरह गंदगी फैली हुई है, जिससे यहां जहरीले जानवरों सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र बहुत लम्बे अरसे से नियमित रूप से नहीं चल रहा है, जिससे पावटी गांव के वासियों को प्राथमिक उपचार के लिए भी दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी रिकार्ड में जहाँ इस उपकेंद्र पर डॉक्टरों की तैनाती, कर्मचारियों की उपस्थिति और दवाइयों की उपलब्धता दर्शाई जाती है, वहीं सच्चाई में स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह बंद रहने से ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा। आपात स्थिति में मरीजों को कई किलोमीटर दूर अन्य अस्पताल ले जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। इस मामले में गांव के अनेक जिम्मेदार व्यक्तियों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है और देश-प्रदेश की सरकार जहाँ सभी प्रदेशवासियों को बेहतर इलाज देना चाहती है। सरकार बड़े-बड़े रोगों की दवाई भी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध करा रही है, जिससे कि आम जनता को बेहतर इलाज मिल सके और सरकार के यह प्रयास सार्थक भी हो रहे हैं। अब आम जनता सरकारी अस्पतालों पर बड़ी संख्या में अपने रोगों का इलाज करा रही है और बड़े-बड़े रोगों की दवाई सरकारी अस्पतालों से ले रही है, वहीं क्षेत्र के गांव पावटी में खुलेआम स्वास्थ्य विभाग सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। गांववासियों ने शिकायत की है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र पर नियमित रूप से डॉक्टर और कर्मचारी मौजूद न होना स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को दर्शाता है और गांववासियों का कहना है कि उपकेंद्र का नियमित न खुलना व दवाईयां न मिलना ग्रामीणों के साथ बड़ा अन्याय है। ग्रामीणों ने मांग की है की स्वास्थ्य विभाग को तत्काल उपकेंद्र का निरीक्षण कराकर साफ-सफाई कराकर प्रतिदिन डॉक्टरों की उपस्थिति और आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा और गांववासियों में स्वास्थ्य उपकेंद्र न खुलने के कारण बड़ा रोष देखने को मिला। इस मामले में दोषी कर्मचारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही करने की मांग ग्रामीणों ने की। इस स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में आलाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने की बात कही है। चरथावल सीएचसी प्रभारी से इस बारे में जानकारी की गयी तो बताया कि पावटी के स्वास्थ्य उपकेंद्र पर एक भी डॉक्टर की तैनाती नहीं है, जिस कारण उपकेंद्र बंद है।




# शिव की श्रद्धा और परिवार के प्रति समर्पण के अनूठे नजारे

## गौमुख से मुरैना के लिए निकले डेढ़ सौ शिवभक्तों का हुआ भव्य स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 31 जुलाई (बु.)।** गौमुख से गंगाजल लेकर 800 किलोमीटर के सफर पर निकले मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के गांव के डेढ़ सौ शिवभक्तों का जत्था आज शिवचौक पर पहुंचा तो उनका बम-बम घोष के साथ स्वागत किया गया। अपनी सामूहिक आस्था और एकजुटता के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव के 150 शिवभक्तों का विशाल जत्था गौमुख से पवित्र गंगाजल लेकर पदयात्रा करते हुए शुक्रवार शाम करीब 5 बजे मुजफ्फरनगर के छपार पहुंचा। एक साथ बड़ी संख्या में कांवड़ियों को देखकर स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद के गांव के डेढ़ सौ श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को शिवचौक पहुंचा तो वहां अद्भुत नजारा था। गोमुख से गंगा जल लेकर करीब आठ सौ किलोमीटर के पैदल सफर पर निकले इस दल में युवाओं के साथ कई बड़ी उम्र के लोग भी एक परिवार की तरह सामूहिक यात्रा पर शिवभक्ति की अलख जगाते हुए 8 जुलाई को उत्तराखंड के गौमुख से गंगाजल लेकर रवाना हुए थे। उनका कहना है कि उनके गांव तक की यह यात्रा करीब 800 किलोमीटर से अधिक की है। गंगाजल के साथ भगवान शिव का जयघोष करते हुए पूरा जत्था प्रतिदिन करीब 40 किलोमीटर पैदल चल रहा है। ऐसे में गंतव्य तक पहुंचने में इस जत्थे को करीब दस दिन और लगेंगे। श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले वर्ष भी गांव से 30 से 40 लोग ही सामूहिक कांवड़ यात्रा पर निकले थे। इस बार उनकी संख्या बढ़कर 150 हो गई। इस दल में 6 से 7 महिला शिवभक्त भी शामिल हैं, जो पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पुरुष श्रद्धालुओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। बाबा ने बुलाया तो इस बार पूरे गांव ने एक साथ संकल्प लिया और सभी लोग एक परिवार की तरह यात्रा पर निकल पड़े। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यहां शिवचौक के अलावा विभिन्न कांवड़ सेवा शिविरों में श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ शिवभक्त पूरी आस्था के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## शिवभक्ति के साथ दिखा दिव्यांग कांवड़िए का जोश



**मुजफ्फरनगर।** शिवभक्तों की बीच यूं तो तमाम तरह के शिवभक्त अपनी श्रद्धा के बल पर कदमताल करते चल रहे हैं, लेकिन इनमें आज एक ऐसा शिवभक्त भी नजर आया जिसकी एक टांग नहीं है। कृत्रिम टांग और छड़ी के सहारे शाहदरा के मुकेश ठाकुर का जोश और जज्बा किसी सामान्य शिवभक्त से कम नहीं था। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत करने वाले नगरवासी उनके संकल्प के प्रति नतशीश नजर आए। मुकेश ने कहा कि उनकी यह यात्रा देश की सीमा की रक्षा करने वाले जवानों के साथ पहलगाम में शहीद होने वालों के लिए है। यह यात्रा उस मां को समर्पित है जो अप्रैल 2026 में जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे के दौरान अपने बच्चे को बचाने के लिए जान पर खेल गई थी। उन्होंने कहा कि समाज में अमन रहे और परिवारों में खुशहाली हो यही उनकी कामना है।



